पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0 प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने वाराणसी में आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने हेतु उपयोगी सामग्रियों की किट वितरित की और समृद्ध काशी अभियान का भी शुभारंभ किया।

लखनऊः 25 नवंबर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज शनिवार को अपने वाराणसी भ्रमण के दौरान कार्यक्रमों के क्रम में कमिश्नरी सभागार में समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों को किट वितरित की। राज्यपाल जी ने इन आयोजनों के लिये सभी को बधाई देते हुए सभी से सेहत के प्रति सचेत रहने को कहा । उन्होंने कहा कि आजकल नयी-नयी बीमारियाँ विकसित हो रही हैं, कम उम्र में लोगों को बीमारियां आगोश में ले रही हैं। इसलिए हम सभी को स्वतः सचेत रहना होगा। हमें अच्छा आहार-विहार रखना होगा। हमें बेटा-बेटी के बीच मौजूद खाई को पाटना होगा और अपनी बेटियों को भी पौष्टिक भोजन देकर एनीमिया मुक्त रखना होगा। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है की एनीमिया से बचाव हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करें तभी हम विकसित भारत के अपने सपने को साकार कर पायेंगे। आंगनवाड़ी केंद्रों को हमें सशक्त करना होगा तभी हम बच्चों को सुदृढ़ कर सकते हैं।

इसी क्रम में उन्होंने गुजरात में किये अपने कुछ कार्यों के संस्मरण भी साझा किये। उन्होंने कहा कि नए बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में बेबी टॉयलेट जरूर बनाएँ तथा बच्चों की जरूरतों के हिसाब से सामान व्यवस्थित करें। अगर हमें अगले 25 वर्षों में विकसित भारत बनाना है तो हमें इन सभी बातों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि केजी टू पीजी शिक्षा के बीच एक मजबूत चैनल होना चाहिए। । उन्होंने बच्चियों को कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने हेतु सभी को प्रेरित किया। राजयपाल आंगनवाड़ी किट प्रदान करने में सहयोगी रहे पावर ग्रिड के एमडी ए के राय को भी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा कार्यक्रम में राज्यपाल का स्वागत करते हुए जनपद प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास हेतु किए जा प्रयासों को राज्यपाल के समक्ष रखा गया। उन्होंने बताया कि वाराणसी में 150 आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास किया जा रहा है जिसमें 112 पूरी हो चुकी हैं तथा 648 भवनों को कायाकल्प मिशन के तहत पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में 415 केंद्रों में किट वितरण पूरा हो चुका है तथा आज 300 और केंद्रों में किट वितरित किया जा रहा है। जनपद में अति कुपोषित बच्चों हेतु 10 मिनी एनआरसी की स्थापना थी जिसको बढ़ाते हुए 13 नये मिनी एनआरसी की स्थापना की गयी है। सैम व मैम बच्चों में लगातार सुधार किया जा रहा है।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,सूचना,
राजभवन
सम्पर्क सूत्र-8318116361

आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण
समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ
2023/11/25 15:47

एवं
समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ
मुख्य अतिथि
2023/11/25 15:46

एवं
समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ
मुख्य अतिथि

ग्राम पंचायतों के सौजन्य से
आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण
एवं
समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ
मुख्य अतिथि
आनंदीबेन पटेल जी

आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण
एवं
समृद्ध काशी अभियान का शुभारंभ
मुख्य अतिथि
2023/11/25 15:46

एवं
आनंदीबेन पटेल जी